आमोखस व मिडिया की खबरों व प्रथम समाचार पत्र

RNI No. UPHIN/2012/47484



# जननायक सम्राट



बर्ष :13 अंक :355 पृष्ठ -4 दिनांक 29 दिसम्बर 2024 दिन रविवार

# पंचतत्व में विलीन हुए पूर्व PM मनमोहन सिंह

## राजकीय सम्मान के साथ दी गई आखिरी विदाई



भारत के पूर्व प्रधानमंत्री डॉक्टर मन. मोहन सिंह आज शनिवार को पंचतत्व में विलीन हो गए. दिल्ली के निगम बोध घाट पर राजकीय सम्मान के साथ उनका अंतिम संस्कार किया गया. मनमोहन सिंह की बेटी ने उन्हें मुखाग्नि दी. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, पीएम मोदी, राहुल गांधी, सोनिया गांधी समेत कई नेताओं ने डॉक्टर साहब को अंतिम श्रद्धांजलि दी.पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह का अंतिम संस्कार दिल्ली के निगमबोध घाट पर पूरे राजकीय सम्मान के साथ किया जा रहा है. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री मोदी, लोकसभा में विपक्ष के नेता ओम बिरला, कांग्रेस सांसद राहुल गांधी और अन्य लोग श्मशान घाट पर मौजूद हैं. इसके पहले नई दिल्ली स्थित आवास पर उन्हें श्रद्धांजलि देने के बाद उनके पार्थिव शरीर को कांग्रेस दफ्तर लाया गया. जहां पूर्व पीएम डॉ. मनमोहन सिंह की पत्नी गुरशरण कौर और उनकी बेटी दमन सिंह ने एआईसीसी मुख्यालय में डॉ. मनमोहन सिंह को अंतिम श्रद्धांजलि दी.मनमोहन सिंह का पार्थिव शरीर जैसे



ही कांग्रेस के हेडक्वार्टर से निगमबोध घाट के लिए निकला, लाखों की संख्या में समर्थक उनके गाड़ी के पीछे दौड़ने लगे. परिवार की सदस्य की तरह राहुल गांधी मनमोहन सिंह के पार्थिव शरीर के साथ आर्मी की गाड़ी में बैठे थे. नम और सुखी आंखों से वह पार्थिव शरीर को निहारत रहे. राहुल गांधी के अलावा अन्य कांग्रेस नेता और मनमोहन सिंह के परिवार के लोग दूसरी ट्रक में भारतीय शेयर की गाड़ी के साथ निगम घाट पहुंचे.राहुल गांधी समेत कई नेताओं लकड़ी डालीपूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह को 21 तोपों की सलामी दी गई. साथ ही मनमोहन सिंह की जयकारा लगाया गया. मनमोहन सिंह अमर रहे का नारा देकर कांग्रेस नेताओं ने दी विदाई. सभी नेताओं ने चिता पर अपनी–अपनी लकड़ी डालकर विदाई दी. राहुल गांधी ने भी मनमोहन सिंह की चिता पर लकड़ी डाली. अंतिम यात्रा पर मनमोहन सिंह को उनके फेवरेट नीली पगड़ी पहनाया गया है. मुखाग्नि देने से पहले पंजाबी रीति रिवाज से अरदास पढ़ा गया. अंतिम यात्रा में देश विदेश के गणमान्य लोग निगमबोध घाट पर मौजूद हैं. अंत्येष्टि की तैयारी लगभग पुरी हो चुकी है. राहुल गांधी ने अर्थी को कंधा दिया. पीएम मनमोहन सिंह की चिता तैयार की जा रही है. वहां पर सभी पंजाबी धार्मिक गुरु अरदास पढ़ने की लिए तैयार हैं. घाट पर नम आंखों के साथ पीएम मोदी, राष्ट्रपति मूर्मु के साथ तमाम नेता बैठे हुए हैं. मुखाग्नि देने से पहले

### जब तक सूरज–चांद रहेगा, मनमोहन का नाम रहेगा...,आंखें नम, भावुक चेहरें, अतंन यात्रा पर देश का पूर्व प्रधानंमत्री

सिंह के अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए भारत पहुंचे मनमोहन सिंह का अंतिम संस्कार लाइव भूटान के राजा जिग्मे खेसर नामग्याल वांगचुक और मॉरीशस के विदेश मंत्री मनीष गोबिन दिल्ली में पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए भारत पहुंचे हैं.राष्ट्रपति मुर्मू ने करीब 2 मिनट तक सलाम कर दी विदाई, मौजूद लोग हुए भावुकप्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, राजनाथ सिंह, गृह मंत्री अमित शाह, और उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ केसाथ–साथ राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू निगम बोध घाट पर पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह को पुष्पांजलि अर्पित की. द्रौपदी मुर्मू कुछ देर तक मौन खड़ी होकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की. कम से कम दो मिनट तक प्रेसिडेंट ने सैल्यूट करके मनमोहन सिंह को आखिरी विदाई दी. वहां पर मौजूद पीएम मोदी ने भी आंख बंद करके विदाई दी.

## नए साल पर वाराणसी की गंगा में इस . समय नाव चलने पर रहेगा प्रतिबंध



नए साल के अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु और पर्यटक वाराणसी पहुंचते हैं. इस दौरान काशी विश्वनाथ मंदिर में दर्शन करने के अलावा गंगा आरती, नौका विहार व अन्य प्रमुख जगहों पर लोग जाना काफी पसंद करते हैं. लोगों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए वाराणसी जल पुलिस और नाविक समाज की बैठक के दौरान महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया है, जिसमें 31 दिसंबर और 1 जनवरी को शाम 4रू00 बजे के बाद गंगा उस पार नाव जाने पर पूरी तरह प्रतिबंध रहेगा. इसके अलावा रात्रि 8रू00 बजे के बाद नाव नहीं चलेगी. वाराणसी के गंगा नदी में नौका विहार करने के लिए बड़ी संख्या में लोग आते हैं. ऐसे में अधिकांश लोग गंगा उस पार जाकर नए साल का जश्न मनाते हैं. वाराणसी गंगा नदी नाविक संगठन से जुड़े शंभू निषाद की तरफ से मिली जानकारी के अनुसार वाराणसी जल पुलिस और नाविक समाज की एक बैठक हुई है जिसमें लोगों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया है. दरअसल 31 दिसंबर और 1 जनवरी के दिन शाम 4:00 बजे के बाद गंगा उस पार कोई भी नाव नहीं जाएगी. इसके अलावा रात्रि 8ः00 बजे के बाद से इन दो दिन नाव चलने पर पूरी तरह प्रतिबंध रहेगा. इसके अलावा खास तौर पर ध्यान दिया जाएगा कि कोई भी व्यक्ति द्वारा नाव संचालन के दौरान प्रशासनिक नियमों का उल्लंघन ना कर सके .आज से शुरू होगी ला. इसेंस चेकिंग की प्रक्रिया इसके अलावा वाराणसी के गंगा नदी में चलने वाले नाव की लाइसेंस चेकिंग प्रक्रिया भी आज से शुरू हो सकती है. मानक के अनुसार चलने वाले नाव और यात्रियों के निर्धारित संख्या को लेकर प्रशासन द्वारा पहले भी चेकिंग अभियान चलाए जा चुका है. ऐसे में अगर कोई भी नाविक नियमों का उल्लंघन करता है तो उसके नाव को सीज कर दिया जाएगा.

## पिता की डांट से नाराज 11वीं के छात्र ने उठाया खौफनाक कदम, खुद को गोली मारकर की आत्महत्या

उत्तर प्रदेश के नोएडा में एक 17 साल के छात्र ने अपने पिता की लाइसेंसी पिस्तौल से खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली. बताया जा रहा है कि पिता की डांट से नाराज होकर मान. सिक दबाव के चलते छात्र ने ये कदम उठा लिया. घटना के वक्त के छात्र की दादी भी घर पर मौजूद थी. इस घटना के बाद पूरे इलाके में कोहराम मच गया है. परिवार पर तो जैसे दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है. ये घटना थाना जारचा क्षेत्र के छायसा गांव की है. जहां रहने वाले मोकम सिंह का 17 साल का बेटा आर्यन मलिक ग्यारहवीं क्लास का छात्र था. बताया जा रहा है कि आर्यन पिता के साथ खेत पर काम करने गया था. इसी दौरान पिता ने उसे किसी बात पर डांट दिया. पिता की डांट के बाद आर्यन बेहद क्षुब्ध हो गया और घर वापस लौट आया. घर आने के बाद उसने पिता की ला. इसेंसी पिस्तौल निकाली और खुद को गोली मार ली. पिता की डांट से नाराज होकर की आत्महत्यघटना के वक्त आर्यन



की दादी घर पर ही मौजूद थी. गोली आवाज सुनकर वो घबरा गईं. जब उन्होंने कमरे में जाकर देखा तो आर्यन खून से लथपथ पड़ा था, जिसके बाद उन्होंने शोर मचाया तो आसपास के लोग मौके पर जमा हो गए. सूचना मिलते ही पुलिस भी मौके पर पहुंच गई. पुलिस सारे पहलुओं को ध्यान में रखकर मामले की जांच कर रही है. छात्र के परिजनों की तरफ से अभी तक कोई शिकायत नहीं दी गई है. इस मामले पर जानकारी देते हुए सहायक पुलिस आयुक्त (एसीपी)सौम्या सिंह ने बताया कि मृतक की पहचान थाना जारचा क्षेत्र के छायसा गांव में रहने वाले आर्यन मलिक के रूप में हुई है. पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है. एसीपी ने कहा कि आर्यन 11वीं कक्षा का छात्र था. पिता ने उसे किसी बात पर डांट दिया था, जिससे नाराज होकर वह घर आया और पिता की ला. इसेंसी पिस्तौल निकालकर खुद को गोली मार ली. उन्होंने बताया कि छात्र के परिजन ने इस मामले में कोई शिकायत नहीं की है.

## राष्ट्रीय मानव अधिकार संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष मोहम्मद उस्मान ने गरीब कमजोर वर्ग के लोगों को लिहाफ वितरण किए

अमरोहा राष्ट्रीय अध्यक्ष मोहम्मद उस्मान ने आज वार्ड नंबर 12 जोया जनपद अमरोहा में लिहाफ वितरण कार्यक्रम का किया आयोजन। जहां अध्यक्ष ने देखा की गरीब वा कमजोर वर्ग के लोग जहां पर अपने जीवन को पिन्नी से घर बनाकर रह रहे थे ऐसे लोगों को राष्ट्रीय मानव अधिकार संगठन के कार्यकर्ताओं के द्वारा चिन्हित कराया गया और उनको सर्दी के मौसम में लिहाफ वितरण किया। राष्ट्रीय अध्यक्ष का कहना है कि आज के इस ठंड के मौसम में कोई भी व्यक्ति गर्म कपड़े की कमी के कारण बीमार ना हो हमारा यही मूल मकसद है और हम चाहते हैं कि मानव के प्रत्येक मूल अधिकारों को दिलाने का हमारा मकसद है हम सरकार की योजनाओं का भी लाभ दिलाने का कार्य करते हैं क्योंकि कुछ व्यक्तियों को सरकारी योजनाओं के बारे में जानकारी नहीं होती हम सरकार की योजनाओं को जन–जन तक पहुंचाने का कार्य करते हैं राष्ट्रीय अध्यक्ष का उद्देश्य है कि हर पात्र व्यक्ति को सरक. ारी योजनाओं का लाभ सरकार से दिलाने का कार्य भी हम करते हैं और जितने भी ऐसे लोग हैं जो अपनी



जरूरत को पूरा नहीं कर पाते हैं पैसे का अभाव है ऐसे लोगों को कपड़ा राशन व शिक्षा दिलाने का कार्य राष्ट्रीय मानव अधिकार संगठन कर रहा है सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास बनाए रखना हमारा कर्तव्य है ।


रिपोर्ट डॉ आसिफ सिद्दीकी अमरोहा

## 18 मेडिकल कॉलेज की सौगात, जेवर के किसानों को गिफ्ट

नए साल 2025 को शुरू होने में अब महज कुछ ही दिन बचे हैं और साल 2024 में उत्तर प्रदेश में हुए कामों पर नजर डाली जाए तो योगी सरकार में बड़े फैसले लिए गए हैं. जिसमें 18 मेडिकल कॉलेज की सौगात समेत दीपोत्सव में बना नया रिकॉर्ड भी शामिल है. इसके साथ हीअयोध्या में रामलला अपने मंदिर में विराजमान हुए इसे भी योगी सरकार अपनी उपलब्धियों में गिनती है. इसके साथ ही जीबीसी प्ट– ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी (जीसीबी) के तहत दो दिन (19–20 फरवरी) में 10 लाख करोड़ का निवेश प्रस्ताव भी मिला है.उत्तर प्रदेश को मिली 18 मेडिकल कॉलेज की सौगातबिजनौर, बुलंदशहर, कुशीनगर, पीलीभीत, सुल्तानपुर, कानपुर देहात, ललितपुर, लखीमपुर खीरी, गोंडा, औरैया, चंदौली, कौशांबी व सोनभद्र में सरकारी मेडिकल कॉलेज खुले. निजी क्षेत्र में दो व पीपीपी मोड पर तीन मेडिकल कॉलेजों का शुभारंभ हुआ.संस्कृत के बच्चों की छात्रवृत्ति में 24 वर्ष बाद हुई बढ़ोतरी योगी सरकार ने 2001 से चली आ रही व्यवस्था में बड़ा सुधार करते हुए 24 वर्ष बाद संस्कृत के विद्यार्थियों के लिए छात्रवृत्ति संशोधन किया. इसका लाभ प्रदेश में संस्कृत भाषा में अध्ययन कर रहे डेढ़ लाख से अधिक विद्यार्थियों को हुआ. पहली बार कक्षा 6, 7 और 8 के छात्रों को भी छात्रवृत्ति से जोड़ा गया. इसमें वार्षिक आय की शर्त को भी हटा लिया गया. 27 अक्टूबर को मुख्यमंत्री संपूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय, वाराणसी में संस्कृत के विद्यार्थियों को बढ़ी हुई छात्रवृत्ति का वितरण किया. छात्रवृत्ति में तीन गुना तक की वृद्धि की गई. अयोध्या में दीपोत्सव में बना नया रिकॉर्ड अयोध्या में हुए भव्य दीपोत्सव 2024 में नया रिकॉर्ड बना, जिसे गिनीज बुक ऑफ वल्र्ड रिकॉर्ड ने दर्ज किया. सीएम योगी के नेतृत्व में रामनगरी में 25 लाख 12 हजार 585 दीप प्रज. ज्वलित हुए. साल 2023 में पिछली बार 22.23 लाख दीप प्रज्ज्वलित हुए थे. पहली बार 1121 वेदाचार्यों ने सरयू आरती कर रिकॉर्ड बनाया. जेवर के किसानों की सीएम योगी ने सुनी पुकार मुख्यमंत्री ने जेवर के किसानों की पुकार सुनी और भूमि अधिग्रहण के लिए प्रतिकर 3100ध्वर्गमीटर से बढ़ाकर किया 4300ध्वर्गमीटर रुपये किया. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 20 दिसंबर को अपने सरकारी आवास पर जेवर के किसानों की पुकार सुनी. किसानों से संवाद के बीच मुख्यमंत्री ने जेवर एयरपोर्ट के लिए तीसरे चरण के भूमि अधिग्रहण के एवज में देय प्रतिकर को 3100 रुपये प्रतिवर्ग मीटर से बढ़ाकर 4300 रुपये प्रति वर्गमीटर करने की घोषणा की. जेवर एयरपोर्ट पर उतरा पहला विमान, वॉटर कैनन से दी गई सलामी सीएम योगी के नेतृत्व में हुआ 36.80 करोड़ पौधरोपण, यूपी में वनावरण व वृक्षावरण में हुई 559.19 वर्ग किमी की वृद्धिअटल जी की जयंती पर केन–बेतवा लिंक प्रा. `जेक्ट का पीएम ने किया शिलान्यास, यूपी के बुंदेलखंड के महोबा, झांसी, ललितपुर व बांदा मेंसंचाई सुविधा प्राप्त होगी. इससे यूपी के 21 लाख से अधिक की आबादी को पेयजल की सुविधा मिलेगी.

## महाकुंभ में होटल बुकिंग के नाम पर फर्जी वेबसाइट बनाकर हो रही ठगी, सरगना समेत साइबर ठग गिरफ्तार

प्रयागराज महाकुंभ को लेकर साइबर ठग भी सक्रिय हो गए हैं. कुंभ क्षेत्र में बनाई गई टेंट सिटी में कॉटेज और शहर के होटलों में कमरों की बुकिंग के नाम पर साइबर ठग लोगों के साथ फर्जी वेबसा. इटों के जरिए ठगी कर रहे हैं.प्रयागराज पुलिस ने साइबर फ्रॉड करने वाले एक ऐसे ही गैंग का खुलासा करते हुए चार लोगों को गिरफ्तार किया है. इनके पास से लैपटॉप, मोबाइल बरामद करने के साथ ही उनके द्वारा महाकुंभ के नाम पर बनायी गई नौ फर्जी वेबसाइट का भी खुलासा किया गया है.डीसीपी सिटी अभिषेक भारती के मुताबिक प्रयागराज साइबर क्राइम थाना पुलिस द्वारा पकड़े गए साइबर ठगों के गिरोह का सरगना बिहार का रहने वाला है. उसने तीन अन्य साथियों को मिलाकर गैंग बनाया है. जो महाकुंभ में आने की चाह रखने वाले श्रद्धालुओं को अपना निशाना बनाने के लिए अलग अलग नामों से 8 वे.



बसाइट बनाई थी. इन्हीं वेबसाइट्स के जरिये ये लोग भोले भाले लोगों से टेंट बुकिंग और होटल में कमरों के बुकिंग के नाम पर लोगों से ऑनलाइन पेमेंट लेकर ठगी करते थे.

# यूपी में भीषण ठंड के बीच 44 जिलों में बारिश का अलर्ट, नए साल पर गिरेगा पारा

शुक्रवार को हुई तेज बारिश और पहाड़ों पर बर्फबारी के चलते ठंड बढ़ गई है. नोएडा, गाजियाबाद, आगरा, मथुरा समेत कई जिलों में कल दिनभर बारिश होती रही. जिससे जनजीवन एकदम अस्त व्यस्त हो गया. आज भी बारिश का सिलसिला जारी रहने वाला है. यूपी में आज 44 जिलों में मेघ गर्जन के साथ बारिश का अलर्ट जारी किया गया है. आने वाले दिनों में ठंड और बढ़ेगी. मौसम विभाग के मुताबिक प्रदेश में शनिवार को भी यूपी के ज़्यादातर हिस्सों में बारिश और गरज के साथ छींटें पड़ने की संभावना जताई गई है. जबकि पूर्वी यूपी के अलग–अलग स्थानों पर छिछले से मध्यम कोहरा छाया रहेगा. आज सुबह तड़के से ही पश्चिमी यूपी के कई जिलों में बादल में छाए हुए हैं और बूंदाबांदी के आसार है. आगरा, मथुरा में सुबह से ही बारिश शुरू हो गई है. आज भी यहां मेघ गर्जन के साथ बारिश होने की चेतावनी जारी की गई है. एक बार फिर मौसम शुष्क रहने का अनुमान हैं लेकिन इस दौरान अलग–अलग स्थानों पर घना कोहरा छाए रहने का यलो अलर्ट जारी किया गया है. दो दिन बारिश की वजह से



तापमान में गिरावट आई है और सर्द हवाओं ने ठिठुरन बढ़ा दी है. आने वाले दिनों में न्यूनतम तापमान में 2–3 डिग्री सेल्सियस की गिरावट आ सकती है. उत्तर–पश्चिमी यूपी को छोड़कर अधिकतम तापमान में 2–5 डिग्री तक की गिरावट आ सकती है. इन जिलों में बारिश का अलर्ट यूपी में आज सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, बिजनौर, मुरादाबाद, संभल, रामपुर, बरेली, बदायूं, पीलीभीत, शाहजहांपुर, फर्रुखाबाद, कन्नौज, औरैया, जालौन, झांसी, ललितपुर, महोबा, हमीरपुर, कानपुर नगर, कानपुर देहात, फतेहपुर, बांदा, चित्रकूट, कौशांबी, प्रयागराज, संतकबीर, वाराणसी, मिर्जापुर, चंदौली, सोनभद्र, गाजीपुर, प्रतापगढ़, अमेठी, रायबरेली, उन्नाव, लखनऊ, बाराबंकी, हरदोई, सीतापुर,गोंडा, बहराइच, श्रावस्ती और लखीमपुर खीरी व आसपास के इलाकों में कई जगहों पर बारिश और मेघगर्जन गर्जन का अलर्ट जारी किया गया है. आगरा, मथुरा, हाथरस, फिरोजाबाद, मैनपुरी, इटावा, एटा, कांशीरामनगर, अलीगढ़, बुलंदशहर, नोएडा. गाजियाबाद, हापुड़, मेरठ,बागपत, बलरामपुर, सिद्धार्थनगर, महाराजगंज, कुशीनगर, देवरिया, बलिया, मऊ, आजमगढ़, जौनपुर, सुल्तानपुर, अंबेडकरनगर, अयोध्या, बस्ती और गोरखपुर में एक या दो स्थानों पर बारिश होने का अनुमान हैं.

## PM मोदी की दिल्ली में होने वाली 'परिवर्तन रैली' रद्द, अब 5 जनवरी को होगा कार्यक्रम

पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के सम्मान में घोषित राष्ट्रीय शोक की वजह से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 29 दिसंबर को दिल्ली के रोहिणी में होने वाली परिवर्तन यात्रा को रद्द कर दिया गया है।पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के सम्मान में घोषित राष्ट्रीय शोक की वजह से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 29 दिसंबर को दिल्ली के रोहिणी में होने वाली परिवर्तन यात्रा को रद्द कर दिया गया है। बता दें कि अर्थशास्त्री और भारत के 14वें प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह का गुरुवार रात नई दिल्ली एम्स में निधन हो गया था। मनमोहन सिंह के निधन पर सात दिन का राष्ट्रीय शोक की घोषणा की गई है। यह एक जनवरी 2025 तक रहेगी। इसलिए कई सरकारी कार्यक्रमों को पुनर्निर्धारित किया गया है।अब 5 जनवरी को होगा कार्यक्रम भारतीय जनता पार्टी की और से 29 दि. संबर को आयोजित होने वाली प्रधानमंत्री मोदी की रोहिणी रैली के साथ दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए अपने अभियान को टाल दिया है। पार्टी ने इस कार्यक्रम को अब 5 जनवरी 2025 के लिए पुनर्निर्धारित किया है। रैली में हो सकती है महत्वपूर्ण घोषणाएंभाजपा सूत्रों का कहना है कि पीएम मोदी रैली के दौरान राष्ट्रीय राजधानी के लिए महत्वपूर्ण घोषणाएं कर सकते है। इसके अलावा 3 जनवरी को एक और बड़ी रैली निर्धारित है। माना जा रहा है कि आगामी दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए बीजेपी राजधानीवालों के लिए बड़ा ऐलान कर सकते है। 29 दिसंबर का ये था कार्यक्रम बताया जा रहा है कि योजना के तहत प्रधानमंत्री रविवार 29 दिसंबर को रिठाला में एक नई मेट्रो लाइन की आधारशिला रखने और रोहिणी के जापानी पार्क में एक सभा को संबोधित करने वाले थे। हालांकि अभी तक शिलान्यास समारोह की नई तारीखों के बारे में पुष्टि नहीं हुई है। आपको बता दें कि भारतीय चुनाव आयोग ने अभी तक 70 सदस्यीय दिल्ली विधानसभा चुनावों की तारीखों का ऐलान नहीं किया है। माना जा रहा है कि जल्द ही चुनाव की तारीखों की घोषणा हो सकती है।



हालांकि, संभावना जताई जा रही है कि अगले साल फरवरी में चुनाव हो सकते है। आम आदमी पार्टी, बीजेपी और कांग्रेस ने चुनाव को लेकर अपनी तैयारियां शुरू कर दी है। तीसरी बार सत्ता में आने की कोशिश में आप आम आदमी पार्टी 2015 और 2020 में अपनी निर्णायक जीत के बाद लगातार तीसरी बार सत्ता में आने की कोशिश कर रही है। पार्टी ने 2015 में 67 और 2020 में 63 सीटें जीती थीं और दिल्ली विधानसभा में अपनी मजबूत पकड़ बनाए रखी थी। वहीं बीजेपी से टक्कर मिलने की संभावना है। इस चुनाव में आप और कांग्रेस के बीच गठबंधन नहीं हुआ है। ऐसे में दोनों पार्टियां अपने दम पर चुनाव लड़ेगी।

## भटिंडा बस हादसे पर PM Modi ने जताया दुख, .पीड़ितों को सहायता राशि देने का ऐलान

पंजाब के भटिंडा में यात्रियों से भरी हुई एक प्राइवेट बस अनियंत्रित होकर नाले में जा गिरी। इस हादसे में 8 लोगों की मौत हो गई और 18 लोग घायल हो गए। इस दर्दनाक हादसे को लेकर पीएम नरेंद्र मोदी ने दुख जताया और पीड़ितों को सहायता राशि देने का ऐलान किया है।पंजाब के भटिंडा में यात्रियों से भरी हुई एक प्राइवेट बस अनियंत्रित होकर नाले में जा गिरी। इस हादसे में 8 लोगों की मौत हो गई और 18 लोग घायल हो गए। हादसे को लेकर भटिंडा के डिप्टी कमिश्नर शौकत अहमद पार्रे ने बताया कि शुक्रवार, 27 दिसंबर 2024 को एक तेज रफ्तार बस के दुर्घटनाग्रस्त होने से दो वर्षीय बच्ची समेत आठ लोगों की मौत हो गई। चालक ने वाहन पर से नियंत्रण खो दिया था जिस कारण ये हादसा हुआ। आठ मृतको में से पांच की पहचान हो गई है, जबकि तीन की पहचान नहीं हो पाई है। इस दर्दनाक हादसे को लेकर पीएम नरेंद्र मोदी ने दुख जताया और पीड़ितों को सहायता राशि देने का ऐलान किया है।पंजाब के भटिंडा में शुक्रवार को एक भीषण सड़क हादसे में आठ लोगों की मौत हो गई। जबकि, 18 लोग घायल हो गए। प्रधानमंत्री मोदी ने इस दुर्घटना पर दुख जाहिर करते हुए पीड़ितों को सहायता राशि देने का ऐलान किया है। पीएम मोदी ने 'प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष' से सड़क हादसे के मृतकों के प्रत्येक परिवार को दो लाख और घायलों को 50,000 रुपए राशि देने का ऐलान किया है। प्रधानमंत्री कार्यालय (च्ड्व्) के अकाउंट से पोस्ट करते हुए लिखा, "पंजाब के भटिंडा में बस दुर्घटना में लोगों की मौत से दुखी हूं। अपने प्रियजनों को खोने वालों के प्रति संवेदना। घायलों के जल्द स्वस्थ होने की कामना करता हूं। प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष  से प्रत्येक मृतक के



परिजनों को 2 लाख रुपये की अनुग्रह राशि दी जाएगी। घायलों को 50,000 रुपये दिए जाएंगे।"सड़क हादसा भटिंडा के कोटशमीर रोड पर उस समय हुआ। पुल से गुजर रही यात्रियों की एक बस नाले में जा गिरी। बस के गिरने के बाद घटनास्थल पर चीख–पुकार मच गई। बस में सवार 5 यात्रियों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया, जबकि 3 अन्य गंभीर घायलों की अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। अन्य 18 यात्रियों का अस्पताल में इलाज चल रहा है। प्रा. इवेट बस में सवार सभी यात्री एक निजी कंपनी में कार्यरत थे। बठिंडा तलवंडी साबो रोड पर तेज रफ्तार से जा रही बस पुल से नीचे कई फीट गहरे नाले में गिर गई। इसके बाद घटनास्थल पर अफरा–तफरी मच गई। लोगों की चीख–पुकार सुनकर स्थानीय लोग मदद के लिए पहुंचे। पुलिस टीम हादसे के कारणों का पता लगाने के लिए जांच में जुटी है।

## वृद्ध के आपत्तिजनक हालत में वीडियो बनाकर महिलाओं ने की 4 करोड़ की वसूली, एक करोड़ का माल बरामद



उज्जैन के नीलगंगा थाना क्षेत्र में तीन महिलाओं ने ब्लैकमेल कर 45 लाख की नगदी और 55 लाख रुपये के सोने चांदी के आभूषण हड़प लिए थे. इस मामले में पुलिस ने खुलासा करते हुए 45 लाख रुपये की नगदी और 55 लाख के आभूषण बरामद कर लिए हैं.उज्जैन एसपी प्रदीप शर्मा ने बताया कि अलग धाम में रहने वाले एक व्यक्ति की ओर से रिपोर्ट लिखी गई थी कि उसके पिता को घर में काम करने वाली नौकरानी 2 साल से ब्लैकमेल कर रही है. उक्त महिला ने ब्लैकमेलिंग के माध्यम से उसके पिता से तीन चार करोड़ रुपये की राशि हड़प कर ली है.इस मामले पुलिस ने जांच के बाद महिला के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया. पुलिस ने इस मामले में तीन महिलाओं को गिरफ्तार किया है. आरोपी महिलाओं से 45 लाख रुपये की नगदी और 55 लाख के जेवर बरामद किए गए हैं. बताया जाता है कि इस घटना के बाद पीड़ित व्यक्ति बीमार हो गया था.इन महिलाओं को पुलिस ने किया गिरफ्ता पुलिस ने कार्रवाई करते हुए इस मामले में पिंकी गुप्ता रजनी पाटीदार और सज्जन भाई बैरागी को गिरफ्तार किया है आरोपी मि. हलाओं के पास से नगदी और सोने चांदी के जेवर बरामद किए गए हैं. पुलिस का मुताबिक उक्त महिलाएं नौक. रानी के रूप में काम करती है और बाद में मकान मालिक को ब्लैकमेल करने लग जाती है. इस प्रकरण में अभी राहुल मालवीय नामक आरोपी की पुलिस को तलाश है.आपत्तिजनक वीडियो बनाकर किया ब्लैकमेलपुलिस ने बताया कि आरा. `पी महिलाओं ने राहुल मालवीय के साथ मिलकर फरियादी के पिता को ब्लैकमेल करने की योजना बनाई. आरोपियों ने आ. पत्तिजनक अवस्था में वृद्धि के फोटो और वीडियो बना लिए. इसके बाद झूठे प्रकरण में फंसाने की धमकी देकर ब्लै. कमेल किया. वृद्धा ने अपनी बहुमूल्य संपत्ति बेचकर महिलाओं को रकम दी.

## दो बाईकों की आमने–सामने भिडंत में एक की मौत, एक गंभीर रूप से घायल

बिसौली। शुक्रवार को कोतवाली क्षेत्र के आसफपुर रोड पर आईटीआई कॉलेज के सामने दो मोटरसाइकिलों की आमने–सामने जोरदार भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों बाइकें क्षतिग्रस्त हो गई व बाइक डोनम गंभीर रूप से घायल हो गए। एक ने जिला अस्पताल में दम तोड़ दिया। बिसौली कस्बा निवासी पिंटू उर्फ सत्येंद्र पुत्र सत्यपाल अपनी बाइक पर सवार होकर आसफपुर की ओर जा रहा था तभी सामने आ रहाबाइक सवार अने. कपाल पुत्र सुंदरलाल निवासी ग्राम ठीरिया थाना फैजगंज की आसफपुर रोड पर ग्राम मलखानपुर के समीप आ. ईटीआई कॉलेज के सामने जबरदस्त भिड़ंत हो गई, जिसमें बिसौली निवासी पिंटू उर्फ सत्येंद्र पुत्र सतपाल का पैर फ्रैक्चर होने से गंभीर रूप से घायल हो गया व थाना फैजगंज बेहटा क्षेत्र के गांव ठीरीया निवासी नेत्रपाल पुत्र सुंद. रलाल की हालत नाजुक बताई जा रही है। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची डायल 112 ने घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर लाकर भर्ती कराया जहां प्राथमिक उपचार के बाद दोनों घायलों को गंभीर अवस्था में जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया। अनेकपाल सिंह ने जिला अस्पताल में दम तोड़ दिया। कोतवाल विशाल प्रताप सिंह ने बताया कि मृतक पांच भाई थे और वह खेती करता था। घटना को लेकर अभी तक तहरीर नहीं आई है

## जगतफार्मा बाजार में युवतियों की पसंद बनी बेलवेट शूट,स्वेटर शर्ट की बढ़ी मांग

ग्रेटर नोएडा की बाजार में सर्दी से बचाव के साथ स्टाइलिश कपड़ों की भरमार देखने को मिल रही है। बाजार में नए स्टाइल कपड़ों की युवक और युवतियां खरीदारी कर रहे हैं। सैकेट, स्वेटशर्ट और हूडी की



अधिक मांग है। महिलाओं को बेलवेट शूट और लॉन्ग कोट ज्यादा भा रहा है। क्वा. लिटी के आधार पर इनकी बाजार में अलग–अलग दाम पर बिक्री हो रही है। ग्रेटर नोएडा की जगतफार्म बाजार में कपड़ों की दुकानों पर इस बार सर्दी के मौसम में सैकेट आई है। इसमें चेन की जगह बटन लगी होती है। यह ब्लेजर और कोट का मिक्सअप है। इसमें कई तरह की डिजाइनों के साथ कई रंगों में है, जिसे युवा खूब पसंद कर रहे हैं। यही हाल स्वेटशर्ट का है। समारोह में पहनने के लिए भी लोग इनको खरीद रहे हैं। महिलाएं बेलवेट शूट और लॉन्ग कोट अधिक पसंद कर रही हैं। ऊनी सलवार–कुर्ता का सेट भी है, जिसमें चुनरी के स्थान पर गर्म शॉल है। इसके अलावा मंकी कैप की जगह स्टाइलिश मफलर ज्यादा और ऊनी टोपी ज्यादा पसंद कर रहे हैं।

## गाजियाबाद में तीन दिन स्कूल बंद लगातार बारिश के चलते DM का आदेश

दिल्ली समेत एनसीआर में शुक्रवार सुबह से रुक–रुक कर बारिश हो रही है। अभी भी मौसम बंधा हुआ है। लगातार हो रही बारिश की वजह से गाजियाबाद प्रशासन ने स्कूल बंद करने का आदेश जारी किया है। गाजियाबाद जिलाधिकारी इंद्र विक्रम सिंह ने बारिश की वजह के कक्षा एक से लेकर आठ तक के सभी स्कूलों को 28 दिसंबर से 30 दिसंबर 2024 तक बंद रखने का निर्देश दिया है। वहीं कक्षा नौं से ऊपर की सभी कक्षाएं सुबह 9 बजे से संचालित होंगी। दिल्ली में बारिश का येलो अलर्टराजधानी में बारिश से ठिठुरन बढ़ गई है। शुक्रवार सुबह से शुरू हुई बारिश का सिलसिला देर रात तक जारी रहा। इससे कई इलाकों में जलभराव के कारण लोगों को परेशान भी होना पड़ा। मौसम विभाग के मुताबिक, शाम साढ़े पांच बजे तक दिल्ली में 42.8 मिमी बारिश रिकॉर्ड की गई। वर्ष 1923 के बाद दिसंबर में इतनी ज्यादा बारिश पांचवीं बार दर्ज की गई। 13 दिसंबर, 2019 को 33.5 मिमी बारिश दर्ज हुई थी।



# एटा में इस साल 28 हजार लोगों को मिली संजीवनी

# निजी अस्पतालों ने गरीबों को दी राहत

एटा में आयुष्मान भारत कार्ड योजना का पूरे साल भर भरपूर उपयोग हुआ और इस योजना ने कई गरीब और जरूरतमंद परिवारों के लिए संजीवनी का काम किया। सरकारी और निजी अस्पतालों में इस योजना के तहत पांच लाख तक का इलाज कराया गया। जिले में 28,791 लोग इस योजना के तहत उपचारित हुए, जिनमें सामान्य बीमारियों से लेकर बड़े ऑपरेशनों तक का इलाज शामिल है। इस पूरी प्रक्रिया में सरकार ने 38.98 करोड़ रुपये खर्च किए।आयुष्मान कार्ड योजना का उद्देश्य गरीब और मध्यम वर्ग के लोगों को गंभीर बीमारियों के इलाज में मदद करना है, क्योंकि अक्सर इन लोगों के लिए इलाज कराना एक बड़ी समस्या बन जाती है। ऐसे में आयुष्मान कार्ड योजना इन परिवारों के लिए एक राहत की तरह साबित हुई। सरकारी अस्पतालों और स्वास्थ्य केंद्रों पर इस योजना के तहत कार्ड बनाए जाते रहे, जिससे लोगों को समय पर स्वास्थ्य सेवा मिल सक. `।दिसंबर 2023 तक जिले में कुल 28,791 लोगों ने आयुष्मान योजना का लाभ उठाया। इनमें से 19,531 लोगों ने निजी अस्पतालों में इलाज कराया,




जबकि 9,260 लोगों ने सरकारी अस्पतालों से उपचार प्राप्त किया। यह आंकड़ा दर्शाता है कि सरकारी अस्पतालों की तुलना में निजी अस्पतालों में अधिक लोग इलाज कराने के लिए गए।मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. उमेश कुमार त्रिपाठी ने बताया कि आयुष्मान कार्ड बनाने की प्रक्रिया पूरी तरह से पारदर्शी और तेज रही, जिससे लोगों को योजना का अधिकतम लाभ मिल सका। आयुष्मान योजना का उद्देश्य स्वास्थ्य के क्षेत्र में समानता लाना है और इस योजना ने निश्चित रूप से जिले में स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार किया है।जिले में कुल लाभार्थी परिवारों की संख्या 1,19,237 है, जबकि कुल लक्ष्य 5,48,177 था। 50,67,22 लोगों ने योजना का लाभ प्राप्त किया, जबकि 1,04,113 नाम निरस्त किए गए और 25,218 मृतक लाभार्थियों का नाम भी इस सूची से हटा दिया गया।आयुष्मान कार्ड योजना ने न केवल लोगों को इलाज की सुविधा दी है, बल्कि उनके जीवन में भी सुधार लाने का काम किया है। इस योजना के माध्यम से गरीब और जरूरतमंद वर्ग को स्वास्थ्य सुविधाओं की तरफ एक बड़ा कदम बढ़ाया गया है।

## जेल से छूटने के बाद पिता को मारी गोली.. तीन साल पहले की थी भाई की हत्या

एटा। अवागढ़ थाना क्षेत्र के गांव राजगढ़ के पास भाई के हत्यारोपित ने जेल से छूटने के बाद पिता को सोमवार की देर शाम गोली मार दी। वारदात के समय मां भी पिता के साथ बाइक पर सवार थी। घायल को रात करीब पौने दस बजे मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया, यहां से गंभीर हालत में आगरा रेफर कर दिया।जिला फिरोजाबाद थाना एका क्षेत्र के गांव फरैंदा निवासी ज्वाला प्रसाद को उनके बेटे ने गोली मार दी। घायल की पत्नी सुनीता का आरोप है कि पुत्र रामअवतार अपने साले वीकेश उर्फ वीके निवासी गणेशपुरा थाना कुरावली जिला मैनपुरी अपने चाचा राजेश कुमार के साथ बाइक से आया। इसके बाद उसने पिता पर गोली चला दी। गोली हाथ में लगती हुई पार हो गई।जमीन बंटवारे को लेकर परिवार से रंजिश मानता थासुनीता का आरोप है कि वह मेरी भी हत्या करना चाहता था, लेकिन पीछे से एक अन्य बाइक आती दिखाई दी तो वह तीनों भाग गए। वह पहले से ही आ. पराधिक प्रवृत्ति का है और चोरी व अन्य वारदातों में शामिल रहा है। घरेलू बंटवारे के चलते नाराज चल रहा था। इसकी वजह से रंजिश मानता आ रहा था। इसी कारण छोटे बेटे जीतू की हत्या की गई। बताया कि वह पति के साथ



सोमवार की देर शाम मायके नगला भवानी अवागढ़ अपने बीमार पिता मुलायम सिंह को देखने जा रही थी। तभी हमला किया गया।तहरीर मिलने पर दर्ज होगा मुकदमाएएसपी राज कुमार सिंह ने बताया कि घरेलू रंजिश के चलते पुत्र ने पिता को गोली मारकर घायल किया है। घायल को मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया, वहां से आगरा रेफर किया गया है। घायल ने पुत्र पर ही गोली मारने का आरोप लगाया है। अभी तक तहरीर नहीं मिली है, तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज कर जांच कराई जाएगी।घायल ज्वाला प्रसाद ने बताया कि छोटे बेटा जितिन उर्फ जीतू की 23 मई 2021 को रामअवतार ने अपनी ससुराल गांव गणेशपुरा बुलाकर गोली मारकर हत्या कर दी थी। शव को गांव हाडई थाना मलावन स्थित तालाब में फेंक दिया था। शव 24 मई को तालाब से बरामद किया गया था। इस मामले में बेटा सहित उसके साले वीकेश उर्फ वीके और गांव के ही उयवीर, जयवीर और वीरू के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। इसमें वह खुद वादी था।रामअवतार और वीकेश तीन साल तीन माह जेल में रहे थे। इसके बाद छूट कर आए। इस मामले में समझौता करने का दबाव बेटा और उसका साला बना रहा है। समझौता नहीं किया गया तो रंजिश मानने लगे और हत्या करने की फिराक में थे। इसको लेकर ही सा. `मवार को गोली चलाई गई।

## समानता के अधिकार की नारी है हकदार महिला सशक्तिकरण से ही मिलेगा विकास को आधार

उत्तर प्रदेश कासगंज शासन द्वारा महिलाओं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वालंबन हेतु चलाये जा रहे मिशन शक्ति अभियान (फेज–05) के तहत पुलिस अधीक्षक कासगंज सुश्री अंकिता शर्मा के निर्देशन एवं नोडल अधिकारीध्अपर पुलिस अधीक्षक कासगंज श्री राजेश भारती के पर्यवेक्षण में जनपद के समस्त थाना क्षेत्रांतर्गत महिला बीट पुलिस अधिकारियों द्वारा गांव, कस्बा, स्कूल, कालेज, बस स्टैण्ड सहित विभिन्न सार्वजनिक स्थानों पर भ्रमण कर प्राथमि. कता के आधार पर महिला एवं बालिक. ाओं को जागरुक करने के साथ ही महिला संबंधित समस्याओं के निस्तारण कराने के संबंध में जनजागरुकता अभियान चलाया जा रहा है तथा मि. हलाओं एवं बालिकाओं के साथ जुड़कर उन्हें सशक्त एवं सुरक्षित वातावरण देने का प्रयास किया जा रहा है। इसी क्रम में आज दिनांक 27.12.2024 को जनपदीय महिला बीट पुलिस अधिकारियों द्वारा महिला एवं बालिकाओं में व्यवहारिक परिवर्तन लाए जाने हेतु उनकी की सुरक्षा, सम्मान, स्वस्थ्य रिलेशनसिप एवं महिलाओं की सुरक्षा सहायता हेतु निर्मित न्यायिक कानूनों का



दुरुपयोग एवं झूठे मुकदमों के परिणाम, साइबर हिंसा, प्रेम सम्बन्धों में घर से पलायन एवं सोशल मीडिया प्लेटफार्मों का सतर्कता एवं सावधानी से प्रयोग किये जाने एवं किसी अपराध का बोध होने पर बिना संकोच स्थानीय थाना पर अपनी बात या शिकायत करने से सम्बन्धित बिन्दुओं को इंगित करते हुए विस्तार से उनकी जानकारी दी गई एवं नशीली वस्तुओं का सेवन न करने एवं नशावृत्ति के कारण परिवार को होने वाली शारीरिक, आर्थिक व सामाजिक क्षति के बारे में विस्तार से चर्चा करते हुए जागरूक किया गया। नशे की लत छोड़ने के लिए दृढ़ इच्छा शक्ति जागृत करने एवं नशामुक्ति विशेषज्ञों एवं परिवार के वरिष्ठ नागरिकों द्वारा अपने दायित्वों का निर्वहन कराये जाने हेतु अवगत कराया गया एवं नशा मुक्ति सम्बन्धित पंपलेट वितरित किए गए, इसके साथ ही शासन द्वारा संचालित विभिन्न हेल्पलाइन नम्बरों एवं कानूनी प्रावधानों एवं उनके अधिकारों इत्यादि के बारे में चर्चा करते हुए जागरुक किया गया है ।

## अवैध शराब के विरूद्ध कासगंज पुलिस का अभियान जारी, . थाना सिढ़पुरा पुलिस द्वारा 01 अभियुक्त को किया .गिरफ्तार, कब्जे से 18 क्वार्टर अवैध देशी शराब बरामद



कासगंज कृपया अवगत कराना है कि पुलिस अधीक्षक कासगंज श्रीमती अपर्णा रजत कौ. शिक के निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक कासगंज श्री राजेश भारती के पर्यवेक्षण में जनपद में अवैध शराब के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में क्षेत्राधिकारी पटियाली श्री राजकुमार पाण्डेय के नेतृत्व में दिनांक 26.12.2024 की देर शाम थाना सिढ़पुरा पुलिस द्वारा अभियुक्त सुभान खान पुत्र जलील अहमद निवासी मो0 किदवई नगर कस्बा व थाना सिढ़पुरा जनपद कासगंज को अमांपुर रोड़ पर देहली बुजुर्ग मोड़ के पास से गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है । गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से 18 क्वार्टर अवैध देशी शराब बरामद हुई । गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना सिढ़पुरा पर मु0अ0सं0 292/24 धारा 60 आबकारी अधिनियम पंजीकृत कर अभियुक्त के विरूद्ध नियमानुसार विधिक कार्यवाही की गई है । गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण
1. सुभान खान पुत्र जलील अहमद निवासी मो0 किदवई नगर कस्बा व थाना सिढ़पुरा जनपद कासगंज इबरामदगी ' 18 क्वार्टर अवैध देशी शराब पुलिस टीम
' श्री दिनेश सिंह, थानाध्यक्ष थाना सिढ़पुरा जनपद कासगंज


आवश्यकता है
हिन्दी साप्ताहिक समाचार पत्र जननायक सम्राट के लिए जिला व्यूरो चीफमंडल व्यूरो चीफ ब्लाक ,ब्यूरो संवाददाता की आवश्यकता है।
सम्पर्क करें -
अमित कुमार वर्मा -संम्पादक
मो:-8218049162,8273402499






जननायक सम्राट
हिंदी साप्ताहिक
मालिक,मुद्रक, प्रकाशक आरती वर्मा द्वारा आशु प्रिंटिंगप्रेस,अचलताल अलीगढ़ से मुद्रितकराकर . कार्यालय सरोज नगर गली नम्बर 5,अलीगढ़ से प्रकाशित
सम्पादक-अमित कुमार वर्मा
सभी विवाद का न्याय क्षेत्र जनपद अलीगढ़ न्यायलय ही होगा